हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 13 जून 2024
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]




TANISHQ

## भव्य उद्घाटन

### ढिमरापुर रोड, रायगढ़ में

14 जून 2024

आप सभी को आमंत्रित किया जाता है ढिमरापुर रोड, रायगढ़ में
हमारे नये शोरूम के भव्य उद्घाटन के लिये।

आइये, सोने और हीरे के गहनों, सॉलिटेयर्स और रंगीन रत्नों की शानदार रेंज काआनंद लीजिये,
तनिष्क की कहानी के इस नये अध्याय में।



**मुफ्त सोने का सिक्का***
प्रत्येक ज्वेलरी की खरीद के साथ
14 से 16 जून 2024 तक

To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.

शोरूम: चैतन्या नगर के सामने,ढिमरापुर रोड, रायगढ़. फोन: 8734957555, 8819970666

12 - June -Jas-cori-rgh-sarguja-Bhoomi pg- 2_Layout 1 6/12/2024 8:31 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### महापौर ने मंत्री से पार्षद निधि राशि स्वीकृति की रखी मांग



**कोरबा।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से नगर निगम में महापौर मद एवं पार्षदनिधि से विकास कार्य कराए जाने हेतु राशि स्वीकृति किए जाने का आग्रह किया है। इस हेतु महापौर श्री प्रसाद द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र प्रेषित किया गया है। राज्य शासन द्वारा महापौर मद के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष सवा दो करोड़ रूपये की राशि तथा प्रत्येक पार्षद हेतु पार्षद मद के अंतर्गत 6 लाख रूपये की राशि विकास कार्यों हेतु प्रदान की जाती है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2024-25 सत्र में महापौर मद एवं पार्षद मद से वार्डों में विकास कार्य कराए जाने हेतु राशि जारी की जाए ताकि वार्डों में आवश्यक विकास कार्य कराए जा सकें।

### शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत बोईदा में शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया गया है। इसकी शिकायत एसडीएम, तहसीलदार को सरपंच द्वारा अनेक बार शिकायत की पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। एसडीएम को सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत बोईदा में प्रस्तावित भूमि पर जगह जगह पर अवैध कब्जा किया गया है। सरपंच द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद कार्यवाही नहीं करने से निराश हो गए हैं, जिसके कारण सभी लोग मनमानी करते हुए जगह जगह बोईदा ग्राम में अवैध कब्जा किया जा रहा है। शासकीय भवनों के सामने और स्कूल खेल मैदान के आसपास गांव के ही लोगों द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर मकान बना लिया है। पंचायत एवं ग्राम सभा का कहना भी नहीं मानते हैं। प्रस्तावित भूमि विघुत विभाग की सब स्टेशन के आने जाने रास्ता बंद हो गई है, बाजार के लिए प्रस्तावित भूमि पर कब्जा, शासकीय भवन के सामने कब्जा कर मकान एवं बाड़ी बनाया गया है और धान खरीदी केंद्र के प्रस्तावित भूमि पर भी मकान एवं बाड़ी बना दिया गया है। जिसके कारण चबूतरा एवं सेड निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों को इस कब्जा को लेकर कई बार अवगत करा चुके, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि खबर के बाद अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

### खिलाड़ियों एवं खेल संघों को प्रेरणानिधि प्रदान करने आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को षहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, षहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करता है। राज्य खेल अलंकरण अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया हो या अधिकृत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत पांच वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला/पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों/निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक आयु के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिये हों या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त या ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल क्षेत्र में की हो उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

## कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के कापानवापारा हाईवे पर नजर आते हैं हाथी


# नेशनल हाईवे पर अक्सर गजराज का डेरा, अंडरपास का मामला ठण्डे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कटघोरा वनमंडल में विचरण करने वाले गजराज अक्सर हाईवे पर आज धमकते हैं और जिसकी वजह से घंटे हाईवे की रफ्तार थम जाती है। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार कम ना हो इसके लिए वन विभाग ने हाईवे के 7 स्थान में अंडरपास बन सके इस दिशा पर पहल की थी लेकिन मामला अब तक ठण्डे बस्ते में ही पड़ा नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल में पिछले कई वर्षों से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है और हाथियों के झुंड को इस क्षेत्र का जंगल भाग गया है। जिसके चलते हाथियों ने इस इलाके को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। अक्सर यह देखा जाता है कि हाथी नेशनल हाईवे कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग एनएच-130 में अकसर हाथी हाईवे को पार करते हैं। जिसकी वजह से हाईवे में आने जाने वाले लोगों को घंटों परेशान होना पड़ता है। कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने हाथियों को हाईवे पार करने में किसी तरह की परेशानी ना हो और हाईवे में चलने वाले आम जनता को परेशानी ना हो इसके लिए उन्होंने हाईवे में अंडरपास बनाने की दिशा पर पहल शुरू कर दी है। हाईवे में पड़ने वाले 7 स्थान में अंडरपास बनाने के लिए वन विभाग ने स्थल का चिन्हांकन किया है। जिसमें मुख्य रूप से परला कापानवापारा, गुरसियां, केंदई, मदनपुर को चिन्हांकित किया गया है। वन विभाग द्वारा अब इस प्रस्ताव को बनाकर नेशनल हाईवे के अथॉरिटी को भेजा जाएगा जहां से अब तक स्वीकृति नहीं मिल पायी है। जिससे ऐसा लग रहा है कि मामला ठण्डे बस्ते में पड़ा हुआ है। अक्सर हाथियों का झुण्ड हाईवे पर ही नजर आते हैं।

### पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के मुख्य मार्गों में नजर आता है गजराजों का झुण्ड




नेशनल हाईवे में अक्सर इस तरह हाथियों का झुण्ड आता है नजर।



वन्य प्राणियों के लिए हाईवे के लिए तैयार किया गया ओवरपास।

### कापानवापारा और परला मेन पॉइंट

केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों का झुंड सबसे अधिक पसान व एतमानगर और केंदई रेंज में विचरण करते हैं। फिलहाल 7 स्थान को अंडरपास के लिए चिन्हांकित किया गया है लेकिन सबसे अहम स्थान परला कापानवापारा में अंडरपास बनाना सबसे अहम होगा क्योंकि इसी स्थान पर हाथी अक्सर इस दिशा से उस दिशा पार करते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सबसे अधिक इसी स्थान से हाथियों ने यहां से पार किया है। बताया जाता है कि परला कापानवापारा की बीच की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। जहां इसी दोनों स्थान में सबसे अधिक अंडरपास की आवश्यकता वन विभाग महसूस कर रहा है।

### महिला को मौत उतारने के बाद दंतैल लौटा धरमजयगढ़

कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत कलमीटिकरा परिसर में एक महिला को मौत की नींद सुलाने वाला लोनर हाथी अब धरमजयगढ़ वनमंडल चला गया है। हाथी ने आधी रात के बाद आगे का रूख किया और मांड नदी को पार करने के बाद भोर होने से पहले धरमजयगढ़ पहुंच गया। लोनर हाथी ने ग्राम बासीन निवासी यादोबाई नामक महिला पर हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। जबकि उसका पति वृक्षराम पुलिया में छिपकर अपनी जान बचाने में सफल रहा था। दंपति सुबह 7.30 बजे धान बीज खरीदी के लिए अपने गांव बासीन से गिरारी जा रहे थे, तभी जंगल में उनका सामना लोनर हाथी से हो गया था। हाथी ने देखते ही हमला कर दिया था। इस बीच 7 हाथियों का झुण्ड लबेद क्षेत्र में पहुंच गया है। हाथियों के इस झुण्ड को मंगलवार की सुबह यहां के जंगल में ग्रामीणों ने विचरण करते हुए देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। लबेद व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है और ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है।

### सूने मकान में चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थना भवन चर्च आईटीआई चौक निवासी पास्टर ए.के. मोजेस उम्र 71 वर्ष पिता स्व. जी. मोजेस 6 जून को दोपहर लगभग 1 बजे अपने घर में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ बैकुण्ठपुर पटना चला गया था और वहां से जब 11 जून को दोपहर लगभग 12 बजे वापस अपने घर आया तो देखा कि उसके घर में लगा हुआ ताला टूटा हुआ था घर का पूरा सामान एलजी एलईडी टीवी फर्श पर बिखरा पड़ा हुआ था तथा होन्डा स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 04 डीडी 6307 घर मे नही था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

### एसईसीएल सीव्हीओ जयंत की सड़क हादसे में मौत

**कोरबा।** कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनी एसईसीएल मुख्यालय में पदस्थ मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमरी अपने किसी शासकीय कार्य से 3 जून को महानदी कोलफील्स लिमिटेड के मुख्यालय संबलपुर गए हुए थे। 5 जून को संबलपुर से वापसी के दौरान रायगढ़ के पास उनकी शासकीय वाहन इनोवा ट्रेलर के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमे वे घायल हो गए थे। उनके साथ वहां में चालक और बॉडीगार्ड मौजूद थे। घटना के बाद श्री खमाड़ी को जिंदल हॉस्पिटल, रायगढ़ में उपचार चल रहा था।उनकी गंभीर स्तिथि को देखते हुए गहन चिकित्सा के लिए उन्हें दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल में स्थानांतरित किया गया था। मंगलवार की सुबह मेदांता हॉस्पिटल, दिल्ली में उन्होंने अंतिम सांस ली।

## महाविद्यालयों में छात्रों को ग्रुप विषय के अनुसार ही मिलेगा प्रवेश




फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की घोषणा कर दी है। विभाग ने इसे लेकर सभी विवि को पत्र जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि स्नातक में सेमेस्टर पद्धति से प्रवेश होगा। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए में एनईपी लागू होगा। इन विभागों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को ग्रुप विषय के अनुसार ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों को एन्हासमेंट कोर्स, वेल्यु एडड कोर्स और स्किल डेवलपमेंट कोर्स को भी पढ़ना है।

उच्च शिक्षा विभाग ने एन्हासमेंट कोर्स का डिटेल जारी कर दिया है। इसके अनुसार बीकॉम, बीबीए में पढ़ाई करने वाले छात्रों को एन्हासमेंट कोर्स के तहत पहले सेमेस्टर में पर्यावरण अध्ययन की पढ़ाई करनी होगी। इसी तरह बीएससी, बीसीए के छात्रों प्रथम सेमेस्टर में अंग्रेजी भाषा और बीए, बीएससी एचएम के छात्रों को हिंदी भाषा की पढ़ाई करनी होगी।वहीं उच्च शिक्षा विभाग विवि को अब तक नहीं मिला है कि वेल्यू एडड कोर्स और स्किल डेवलपमेंट कोर्स में छात्रों को क्या पढ़ना है, जबकि उच्च शिक्षा विभाग ने 18 जून से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने आदेश जारी कर दिया है। इसके लिए यूनिवर्सिटी को पोर्टल तैयार करना है, पर इनके पास डाटा ही नहीं है। ऐसे में अगर उच्च शिक्षा विभाग समय से डाटा उपलब्ध नहीं कराता है तो निर्धारित तिथि में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू करना विश्वविद्यालयों के लिए मुश्किल होगा।

### खास बातें

- बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए में लागू होगा एनईपी
- 18 जून से शुरु होगी प्रवेश की प्रक्रिया

### 18 से शुरू होना है एडमिशन पर नहीं आया सिलेबस

उच्च शिक्षा विभाग ने कहा है कि 18 जून से विश्वविद्यालय के पोर्टल से प्रवेश प्रकिया शुरू होगी। कुलपति के विशेष अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश होगा। 1 जुलाई से नियमित कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। अब ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक एनईपी का सिलेबस भी विश्वविद्यालयों को उपलब्ध नहीं कराया है। छात्रों को पहले सेमेस्टर में क्या-क्या पढ़ाया जाना है, ये शिक्षकों को भी नहीं पता। ऐसे में छात्रों को पढ़ा पाना इस बार शिक्षकों के लिए भी मुश्किल हो रहा है।

## बालको ने कराया छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




बालको ने जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार अपने संयंत्र परिसर और चोटिया कोयला खादान में स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया। विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि तथा देश के औद्योगिक विकास को व्यापक रूप से समझने के लिए शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित की गई। कोरबा जिलाधिकारी अजीत वसंत के दिशा-निर्देशन में जिले के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चे इंजीनियरिंग व विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को देखकर सीख सकें। लगभग 240 छात्रों ने अलग-अलग दल में बालको का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक और तकनीकी एवं नवाचार की सोच विकसित होगी। क्लासरूम से बाहर जाकर बड़े-बड़े औद्योगिक कार्यस्थल के अवलोकन से शिक्षा के प्रति उनकी अभिरूचि भी बढ़ेगी। कंपनी में आने वाले सभी विद्यार्थियों को पूरे संयंत्र का भ्रमण कराया जिसमें कंपनी के महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार से बताया गया। शासकीय हाईस्कूल मदवानी विकास खंड करतला, जिला कोरबा के प्राचार्य बलराज कश्यप ने कहा कि कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों को बालको कंपनी में एल्यूमिनियम का उत्पादन, संग्रहण एवं विभिन्न शैक्षिक पहलू पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा संयंत्र से संबंधित किये गए सभी सवालों का सटीक और विस्तारपूर्वक जवाब दिया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें बालको संयंत्र में आकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से उन्हें एल्यूमिनियम एवं बिजली उत्पादन के सम्बंध में बारीकी से जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही बालको में टीम भावना और परस्पर सहयोग जैसे विभिन्न पहलुओ को समझने का अनुभव मिला। बालको के चोटिया कोयला खादान में अन्य छात्र-छात्राओं ने खदान का भ्रमण किया। उन्होंने खुले कोयला खादान का अवलोकन किया जो उनके लिए अभूतपूर्व अनुभव था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को खदान से कोयला उत्खनन के साथ ही आधुनिक तकनीकी मशीनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट करने हेतु निगम चलाएगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट किए जाने हेतु 12 जून से पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत अंतर विभागीय दलों द्वारा प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक घर-घर पहुंचकर उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों की वार्डवार ड्यूटी लगाई गई है।

राज्य शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड आधार अद्यतन करने की कार्यवाही एक विशेष अभियान चलाकर की जानी है। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा-निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 12, 13, 15, 19 एवं 20 जून को यह अभियान चलाया जाएगा, इस हेतु गठित अंतरविभागीय दल में शामिल अधिकारी, कर्मचारी घर-घर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड आधार अद्यतन किए जाने की कार्यवाही संपादित कराएंगे। इस संबंध में आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने अंतरविभागीय दलों का गठन करते हुए वार्डवार अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है तथा उन्हें पूर्ण निष्ठा व तत्परता से त्रुटिरहित आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन अंतरविभागीय दलों में नगर निगम कोरबा, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि के अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ मितानिन, स्व-सहायता समूह के सदस्यों एवं सामुदायिक संगठकों को शामिल करते हुए उन्हें दायित्व सौंपे गए हैं।

### होटल मैनेजमेंट में प्रवेश हेतु आवेदन 24 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग द्वारा संचालित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन रायपुर मे होटल मैनेजमेंट मे डिप्लोमा कोर्स डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एण्ड बेवरेजेस सर्विसेस तथा डिप्लोमा इन हाउस किपिंग ऑपरेशन्स तथा डिग्री कोर्स बीएससी हॉस्पिटैलिटी एण्ड होटल एडमिनिस्ट्रेशन हेतु कोरबा जिले के 15 मेधावी छात्रों का चयन किया जाना है। कोर्स में शामिल होने हेतु इच्छुक आवेदक 24 जून तक लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन कर सकते हैं।

## रेलवे के वाहन स्टैंड में शेड की दरकार, बारिश में भीगेंगी गाड़ियां



वाहन स्टेंड में खड़ी गाड़ियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा रेलवे स्टेशन का वाहन पार्किंग समस्याग्रस्त है। घंटे के हिसाब से वाहन रखने के लिए लोग पैसे जरूर दे रहे हैं लेकिन मौके पर न तो शेड है और न ही अन्य सुविधा। ऐसे में सुरक्षा का मसला भगवान भरोसे सिमटकर रह गया है। रेलवे और पार्किंग ठेकेदार इसकी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर थोपने पर लगे हैं।

जब से वाहन स्टैंड का संचालन कोरबा के रेलवे स्टेशन में हो रहा है, समस्या तब से ही है। उपर से लोग हैं कि मजबूरी के चक्कर में अपनी गाडिय़ों को इसी हाल पर छोडऩे के लिए लाचार हैं। काफी समय से जरूरत बताई जा रही है कि पार्किंग क्षेत्र में शेड नहीं होने के कारण खासतौर पर बारिश और गर्मी के सीजन में कई प्रकार की परेशानियों से लोगों को दो-चार होना पड़ता है। अधिक तापमान के फेर में गाडिय़ों के डिस्कलर होने की समस्या पेश आती है तो बारिश में ज्यादा समय तक पानी का संपर्क होने के कारण पाट्र्स में जंग लगने की चुनौती बनी रहती है। अनेक अवसर पर दुपहिया गाडिय़ों से पेट्रोल चोरी होने के मामले जब बढ़े तो सीसीटीवी लगाने की जरूरत समझी गई और इस पर काम किया गया। ऐसी घटनाएं अब कम हुई हैं लेकिन पार्किंग क्षेत्र में शेड नहीं होने के कारण परेशानी तो है ही। बताया जा रहा है कि कोविड कालखंड के बाद किसी तरह पार्किंग का ठेका संपन्न हो सका लेकिन बाद में घाटे के कारण नए आवंटन में देरी हुई। लंबी प्रतीक्षा के बाद इस काम को कराया जा सका है। इधर लोगों का दबाव है कि अगर अच्छा खासा शुल्क रेलवे कांट्रेक्टर ले रहा है और इस परिसर के जरिए रेल प्रबंधन मोटी कमाई कर रहा है तो क्यूं न लोगों के हित में सुविधा दिए जाने के बारे में विचार होना चाहिए। वैसे भी कोरबा से प्रतिवर्ष 6000 करोड़ का राजस्व रेलवे को मिल रहा है। इतना सबकुछ होने के बाद भी यात्री सुविधाओं का अनदेखी करने का सिलसिला जारी है।

## दादरखुर्द में 6 जुलाई से सजेगा रथ, तैयारी में जुटे श्रद्धालु

# भगवान जगन्नाथ की धूमधाम से निकाली जाएगी रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालने की वर्षों पुरानी परंपरा हैं। इसकी तैयारी दादर मंदिर प्रबंधन ने शुरू कर दी है। अक्षय तृतीया को मुहूर्त के अनुसार काम शुरु कर दिया गया है। 6 जुलाई को रथ सजेगा और 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। जगनाथ मंदिर दादरखुर्द के पुजारी ने बताया कि 22 जून को भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र स्वामी का 51-51 मिट्टी के कलश से औषधीय स्नान कराने की परंपरा निभाई जाएगी। महास्नान के बाद वे 14 दिनों के एकांत में चले जाएंगे। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ बीमार हो जाते हैं और स्वास्थ्य लाभ लेने 14 दिनों के लिए एकांतवास में चले जाते हैं। इसके कारण श्रद्धालुओं को उनके दर्शन नहीं हो पाता है। भगवान जगन्नाथ 6 जुलाई को नेत्र उत्सव के साथ आम श्रद्धालुओं को दर्शन देने दर्शन मंडप में पधारेंगे। रथयात्रा के दिन जो बेटियां ससुराल में होती हैं, ये मायके आती हैं। साथ ही अन्य रिश्तेदार भी रथयात्रा में शामिल होते हैं। रथयात्रा के दिन दादर क्षेत्र में मेला का माहौल रहता है, जहां बड़ी संख्या में छोटे-छोटे व्यापारियों की दुकानें लगती हैं, जहां लोग अपनी जरूरत के सामान की खरीदारी करते हैं। इस बार भी व्यापारियों के लिए मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से मेला लगाने आगे आने कहा गया है। जिला व नगर प्रशासन के साथ मिलकर रथयात्रा उत्सव पर व्यवस्था सुचारु बनाने तैयारी की जाएगी। साथ ही पुलिस-प्रशासन से मेला स्थल पर किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसलिए सुरक्षा बल तैनात करने मांग की जाएगी।

### रथयात्रा का 123 वर्ष पुराना है इतिहास

कोरबा ही नहीं वरन आस-पास के जिलों में भी ग्राम दादरखुर्दकी रथ यात्रा काफी लोकप्रिय हैं। मंदिर समिति के कृष्णाद्विवेदी के अनुसार दादर में लगभग 123 साल से रथ यात्रा निकाली जा रही है। इसके कारण यहां की लोकप्रियता लोगों में बनी हुई है। इस बार भी यहाँ रथयात्रा का उत्साह लोगों को देखने मिलेगा। मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन के साथ ही जरूर कार्य निपटाए ना रहे हैं। जल्द ही रथ को तैनार करने का काम भी शुरु हो जाएगा।

4 उमेश पटेल ने जाना आहत पत्रकार का हाल, की राज्य सरकार की आलोचना



REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR
GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

## मरीजों को मिलेगी स्ट्रोक से संक्रमण तक की जरुरी दवाएं

# आयुष्मान के पैकेज में जोड़ी 282 नई सुविधा

आयुष्मान कार्डधारी दिल व दिमाग से जुड़ी बीमारियों के मरीजों के लिए राहत की खबर है। उनके इलाज में उपयोग होने वाली 4 महंगी दवाओं को योजना में शामिल किया गया। अब इन दवाओं से उन पड़ने वाला आर्थिक बोझ खत्म हो जाएगा। यही नहीं बोनमेरो ट्रांसप्लांट समेत 282 नई प्रक्रियाओं को भी योजना में शामिल किया गया है। जिसके तहत हेल्थ बेनिफिट पैकेज में कुल 1952 प्रक्रियाएं हो गई हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




योजना में उन्नत चिकित्सा तकनीक को भी जोड़ा गया है। इसमें नई उपचार विधियों को शामिल किया गया है। जिसमें इंटरवेंशनल न्यूरो रेडियोलोजी से लेकर बोन मेरो ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक उपचार पद्धति शामिल की गई हैं।

बोनमेरो ट्रांसप्लांट के योजना से जुड़ने से ब्लड कैंसर से लेकर खून से जुड़े गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा। ब्रेन ट्यूमर या अन्य ट्यूमर की जांच से लेकर इलाज में उपयोग में होने वाली तकनीक को भी आयुष्मान योजना से जोड़ा गया है। इसमें अल्ट्रसाउंड और सीटी गाइडेड पर्क्यूटेनियस रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन व अल्ट्रसाउंड और सीटी गाइडेड पर्क्यूटेनियस माइक्रोवेव एब्लेशन मुख्य हैं।

### जोड़ी गई नई दवाएं

- रिकॉम्बिनेंट टिशू प्लास्मिनोजेन एक्टिवेटर रक्त में ब्लॉकेज को घोलने के लिए। एक डोज की कीमत 10 हजार के करीब होती है।
- टेनेक्टेप्लेस रक्त वाहिनियों में हानिकारक खून के थक्कों को घुलाने का के लिए एक इंजेक्शन की कीमत 30 हजार के करीब होती है।
- लिपोसोमल एम्फोटेरिसिन गंभीर प्रकार के फंगल व यीस्ट संक्रमण के लिए। एक इंजेक्शन की कीमत दो हजार के करीब है।
- आईवी इम्यूनोग्लोबिन्स ऑटोइम्यूनए संक्रामक और अन्य रोगों के इलाज के लिए किया जाता है। इसकी कीमत 14 हजार के करीब है।
- नई पैकेज सूची में 274 पैकेज के रेट्स को बढ़ाया गया है। साथ ही 355 नए प्रक्रियाओं प्रसीजरों को भी जोड़ा गया है। जिसमें गंभीर सेप्सिस सेप्टिक शॉक, पीईटी स्कैन और प्लेटलेट फेरिसिस शामिल है।
- जोखिम वाली गर्भावस्था। योजना के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के लिए कैसरियन हिस्टेरेक्टॉमी और फटे हुए पेट का बंद करना जैसी प्रक्रियाएं शामिल की गई हैं। जिससे जच्चा बच्चा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।
- प्राथमिक व सामुदायिक शासकीय चिकित्सालयों में भी आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत ग्रामीण स्तर तक उपचार संभव होगा।

### सामूहिक श्रमदान से की गई सराईभद्दर तालाब की सफाई

**रायगढ़।** बुधवार को जल बचाओ कल बचाओ अभियान के तहत सराई भद्दर तालाब की सफाई जनसहयोग, जनभागीदारी से श्रमदान कर की गई। अभियान में जनप्रतिनिधिगण, मोहल्लेवासी, निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित 100 से ज्यादा लोगों ने श्रमदान किया। निगम प्रशासन द्वारा आयोजित बुधवार की सुबह सराई भद्दर तालाब सफाई कार्यक्रम सुबह 7 बजे से शुरू हुआ। सबसे पहले तालाब के चारों तरफ किनारे किनारे पड़े कचरे की सफाई की गई। इसके बाद तालाब के अंदर सभी तरफ के घासए छोटे झाड़ को उखड़ा गया। जनसहयोग श्रमदान करने वाले सभी ने रांपाए पंजा और तगाड़ी की मदद से कचरा को उठाते हुए यथा स्थान पर एकत्रित किया। इसके बाद उसे टैक्टर ट्राली में लोड कर टेंचिंग ग्राउंड भेजा गया। इस दौरान दो जेसीबी के माध्यम से तालाब के अंदर मिट्टी की भी खुदाई कर गहरीकरण किया गया। इससे बरसात का पानी पर्याप्त मात्रा में तालाब में स्टोरेज होगा और लोगों के निस्तार के लिए तालाब में भरे पानी काम आएगा। तालाब में पानी भरने एवं रहने से वहां का ग्राउंड वाटर रिचार्ज होगा।



## शाला प्रवेशोत्सव को लेकर विद्यालय प्रबंधन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छग स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश के परिपालन में शासकीय रविशंकर प्राथमिक शालाए पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल चांदमारी रायगढ़ की संयुक्त रुप से विद्यालय प्रबंधन समिति की 12 जून को बैठक आयोजित कर शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई।

प्राचार्य दीप्ति अग्रवाल के नेतृत्व में प्रवेश उत्सव के पूर्व संपादित किए जाने वाले कार्य का उपस्थित आगंतुकों ने अवलोकन किया और सभी प्रसन्न हुए। चर्चा अंतर्गत जनप्रतिनिधि, शाला विकास समिति, पालक एवं गणमान्य नागरिकों को शाला प्रवेश उत्सव हेतु आमंत्रणएनिरू शुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क गणवेश वितरण आदि बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन, न्यौता भोज का आयोजन, बोर्ड परीक्षा, स्थानीय परीक्षा में मेधावी अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का सम्मानए शाला परिवार के उत्कृष्ट पालकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.मनीषा त्रिपाठी प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला ने करते हुए उपस्थित सभी का अभिनंदन किया। बैठक में अध्यक्ष पूर्णानंद शर्माए वार्ड पार्षद श्रीमती रंजना कमल पटेल, इतवार सिंह, चित्रसेन पटनायक, सलमा कुरैशी, रागिनी पात्रो, नाजरा कुरैशी, शेख शहजादा, तरन्नुम कुरैशी, रानी बाई दुबे, जय कुमारी नाग, श्रीमती प्रेमलता चंदेल, निराकार पटेल व्याख्याता, श्रीमती कुमुदुनी सिदार व श्रीमती कपूर कांति भगत शिक्षिका उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मलेरिया मुक्त रायगढ़ बनाने के संबंध में बैठक

**रायगढ़।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मलेरिया माह जून सह मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टीजी कुलवेदी ने विकासखण्डों से आए समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को मच्छर के प्रजाति से लेकर मलेरिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मलेरिया कार्यक्रम की रूपरेखा सन् 1953 से लेकर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम 2004 से अब तक की मलेरिया उन्मूलन हेतु किए गए संपूर्ण भारतवर्ष में मलेरिया प्रकरणों की खोज एवं निदान कार्यों के बारे में बताया ताकि मलेरिया को नियंत्रण के साथ साथ मलेरिया मुक्त रायगढ़ जिला बनाया जा सके। जिले के समस्त विकासखण्डों को मलेरिया माह जून के अवसर पर ग्राम स्वास्थ्यए स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित करने एवं बैनर, पोस्टर एवं अन्य संदेश के माध्यम से निचले स्तर पर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**रायगढ़।** जिले के नदियों, नालों, छोटी नदियों और उनकी सहायक नदियों जिन पर सिंचाई के लिए तालाब या जलाशय बड़े या छोटे निर्मित किए गए हैं ऐसे सभी जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट पर पूर्णतरू प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में मत्स्याखेट करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास या 10 हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। सहायक संचालक मछली पालन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि, प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हे संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम की धारा के तहत 16 जून 2024 से 15 अगस्त 2024 तक बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। इस अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतरू निषिद्ध रहेगा। यह नियम केवल छोटे तालाब या जल स्त्रोत, जिनका कोई संबंध किसी नदी से नाले से नहीं है के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

### भर्ती प्रक्रिया को लेकर संयुक्त जांच दल गठित

**रायगढ़।** कार्यालय उप संचालकए पशु चिकित्सा सेवाएं रायगढ़ में चतुर्थ श्रेणी आकस्मिक निधि स्वच्छकर्ता परिचारक सह चौकीदार के पद पर वर्ष 2012 में संपादित भर्ती प्रक्रिया में महिलाध्विकलांग आरक्षण का पालन नहीं होने तथा अन्य अनियमितताओं की शिकायत हेतु संयुक्त जांच दल का गठन किया गया है। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त जांच दल द्वारा सर्व संबंधित को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए जांच कार्यवाही की जा रही हैए यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई महत्वपूर्ण जानकारी हो या कोई साक्ष्यध्दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहें तो कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 21 में कार्यालयीन समयावधि में 28 जून को प्रस्तुत कर सकते है।

## रंजिश पर रास्ता रोककर लूटपाट, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना चक्रधरनगर में ग्राम भोजपल्ली निवासी प्रसन्न कुमार गुप्ता उम्र 65 वर्ष द्वारा गांव के दिनेश शर्मा और चार युवकों द्वारा रास्ता रोककर मारपीट, लूटपाट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गयार।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 10 जून के रात्रि जेएमजे अस्पताल में भर्ती अपने बेटे के लिए घर से खाना लेकर अपनी इंडिगो कार से अस्पताल आ रहा थाए रात्रि करीब 9.30 बजे गांव के प्राथमिक स्कूल भोजपल्ली के पास गांव के दिनेश शर्मा, अमित साहू, अमन गुप्ता, भोलानाथ खड़यि और चंद्रहास किसान मिलकर गाड़ी को रोके और कार नीचे उतारकर गाली गलौज करते मारपीट किए तथा आरोपियों ने इसके जेब में रखे 11,500 लूटकर भाग गए, रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में आरोपियों के विरूद्ध धारा 341,395 का अपराध कायम कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया जिसमें आरोपी अमन गुप्ता, चंद्रहास किसान, भोलानाथ खड़िया को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश पर दिनेश शर्मा और अमित साहू के साथ घटना कारित करना स्वीकार किये हैं। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी अमन गुप्ता से 900 चंद्रहास किसान से 1000 तथा भोलानाथ खड़यि से 1000 की जप्ती की गई है, आरोपियों ने कुछ रकम को खाने पीने में खर्च कर देना बताए हैं। प्रकरण के दो नामजाद आरोपी दिनेश शर्मा और अमित साहू फरार है। चक्रधरनगर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर लगा रखी है। गिरफ्तार आरोपी अमन गुप्ता पिता गौतम गुप्ता उम्र 25 साल निवासी विश्वनाथपाली थाना चक्रधरनगर, चंद्रहास किसान पिता सनत राम किसान उम्र 24 साल, भोलानाथ खड़िया पिता सुखदेव खड़िया उम्र 24 साल दोनों निवासी भोजपल्ली थाना चक्रधरनगर को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### तौल कांटा खराब, हर गाड़ी में 5 क्विंटल कोयला शार्टेज

**रायगढ़।** जिले में ट्रेलर मलिक कल्याण संघ के तकरीबन 50 की संख्या में सदस्य एसईसीएल मुख्यालय रायगढ़ पहुंचे और मुख्य प्रबंधक के नाम एक पत्र सौंपा। रायगढ़ जिला ट्रेलर मलिक का कहना है कि पिछले 3 महीने से लगातार बरौदए बिजरीए जामपाली खदानों में 300 से 500 किलो का शॉर्टेज जा रहा है। बार बार प्रबंधन से बात करने के बाद सभी एरिया के उप प्रबंधक अभी तक कोई हल नहीं निकाल पाए हैं जिससे गाड़ी मालिकों को प्रति गाड़ी करीब 15 से 20 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। संघ के सदस्यों में ज्ञापन देते हुए यह भी कहा कि आगामी 10 दिनों में अगर एसईसीएल कांटों का सुधार नहीं करता है तो मजबूरी बस हम जिले की सभी खदानों से डिस्पैच बंद कर देंगे। ऐसे में कोयले की आपूर्ति उद्योगों को नहीं होने से बिजली व्यवस्था बाधित होगी और इस सबका जिम्मेदार एसईसीएल होगा।

## जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आगामी मानसून 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में जिला एवं तहसील मुख्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 42 में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा राहत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07762.223750 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, बाढ़ आपदा राहत शाखा श्रीमती रेखा चन्द्रा मोबाइल नंबर 97528.06153 को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यालय कलेक्टर, जिला रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कार्यालय के कंट्रोल रूम में नगर सैनिकों को तैनात किया गया है। जिनका मोबाइल नंबर 99775.54625, 62616.85052, 93299.55828 एवं 97552.01526 है। इसी प्रकार तहसील मुख्यालयों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसमें तहसील रायगढ़ का कंट्रोल रूम नंबर 07762.359145 है, जिसमें नायब तहसीलदार गिरीश निम्बालकर को कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 7999907939 है। इसी तरह तहसील पुसौर का कंट्रोल रूम नंबर 81098.72374 है एवं कंट्रोल रूम प्रभारी तहसीलदार श्रीमती नेहा उपाध्याय मोबाइल नंबर 73893.60406, तहसील खरसिया का कंट्रोल रूम नंबर 07762.299907 एवं कंट्रोल रूम प्रभारी तहसीलदार शिवकुमार डनसेना मोबाइल नंबर 79877.12715ए तहसील घरघोड़ा का कंट्रोल रूम नंबर 95894.79014 एवं कंट्रोल रूम प्रभारी नायब तहसीलदार विकास जिंदल मोबाइल नंबर 70009.47541, तहसील तमनार का कंट्रोल रूम नंबर 62605.09907 एवं कंट्रोल रूम प्रभारी तहसीलदार श्रीमती ऋचा सिंह मोबाइल नंबर 80857.44738, तहसील लैलूंगा का कंट्रोल रूम नंबर 62612.88808 एवं कंट्रोल रूम प्रभारी नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह मोबाइल नंबर 62612.88808, तहसील मुकडेगा का कंट्रोल रूम नंबर 70676.74660 एवं कंट्रोल रूम प्रभारी नायब तहसीलदार श्रीमती रश्मि पटेल मोबाइल नंबर 70676.74660, तहसील धरमजयगढ़ का कंट्रोल रूम नंबर 07766.266232 एवं कंट्रोल रूम प्रभारी तहसीलदार भोजकुमार डहरिया मोबाइल नंबर 62673.23260 तथा तहसील छाल व कापू का कंट्रोल रूम नंबर 79873.00466 है जिसमें तहसीलदार नंदकिशोर सिन्हा को कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है जिनका मोबाइल नंबर 79873.00466 है।

## खेल पुरस्कार के लिए 30 जून तक मंगाए गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नकद राशि, प्रेरणा निधि, डाईट मनी वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु आवेदन 30 जून तक मंगाए गए है।

सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाडियों प्रशिक्षकों निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों शिक्षकों निर्णायकों को प्रदान किए जाते हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 1 अप्रैल से 31 मार्च तक 2 वर्ष का में जिन खिलाडियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया है वे खिलाड़ी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण जिला.रायगढ़ से आवेदन फार्म प्राप्त कर 30 जून तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जीई रोड रायपुर में अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। पुरस्कार हेतु आवेदन वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए आमंत्रित किया गया है। अतः खिलाडियों प्रशिक्षकों निर्णायकों को प्रत्येक वर्ष हेतु पृथक पृथक आवेदन करना होगा। उपरोक्त विभिन्न पुरस्कार एवं ट्रॉफी हेतु आवेदन विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है एवं अधिक जानकारी के लिए कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण जिला.रायगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

## कॉलोनियों के खाली प्लॉट में होगा जल भराव , लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर के आधा दर्जन कॉलोनियों के नागरिक खाली प्लॉटों में भरे निस्तार के पानी की निकासी न होने से परेशान हैं। लोगों ने बड़ी संख्या में इन कॉलोनियों में प्लांट खरीद कर खाली छोड़ दिए हैं।

बेतरतीबी से हुई बसाहट के चलते पानी की निकासी ही अवरुद्ध है। जिसके कारण खाली पड़े प्लॉटों और कंजरवेंसी में गंदा पानी जमा हो गया है। गंदा पानी जमा होने से पानी के डबरे बन गए हैंए पानी सड़ांध मार रहा है। जमा हुए पानी व गंदगी की वजह से इसमें मच्छर व विषैले जीवजन्तु पनप रहे हैं। मलेरिया व डेंगू के प्रकोप का खतरा पैदा हो गया है। ये खाली प्लॉट आसन्न बरसात में इलाके में जलप्लावन का भी सबब बनेंगे। निवासियों का कहना है कि खाली प्लॉटों के पानी की निकासी की व्यवस्था की जानी चाहिए।

**घरों में घुस जाता है बारिश का पानी**

शिव कानन कॉलोनी के विमल कहते हैं कि बिना मच्छरदानी के रात काटना मुश्किल है। क्योंकि खाली प्लॉट्स में पानी भरा होने के कारण 12 महीने मच्छरों का आतंक बना रहता है। शाम होते ही बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। बरसात में जब ऊपरी इलाके से पानी आता है तो आफत हो जाती है। खाली प्लॉटों में भरे पानी की निकासी न होने से लोगों के घरों में भीतर तक घुस जाता है। वर्षा के दिनों में कई बार रात जागकर गुजारनी पड़ती है।

### जीव जंतुओं का खतरा, बरसात में आफत

केलो विहार, नाची विहार, चंद्र नगर, जगन्नाथ पुरम आदि कालोनी के निवासियों ने बताया कि नजदीकी कॉलोनियों की कंजरवेंसी का गंदा पानी खाली पड़े प्लॉटों में जमा हो रहा है। लोग इनमें कचरा भी डंप कर रहे हैं। इससे आसपास रहने वाले नागरिकों की परेशानी बढ़ गई है। गंदे पानी की निकासी न होने से खाली प्लॉटों में भर रहा है, इस पानी की वजह से विषैले जीव.जंतुओं के निकलने का खतरा बना रहता है। बच्चे भी यहीं खेलते हैं। अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है।

## साल दर साल सड़कों पर बढ़ी गाड़ियों की संख्या

# शहरी परिवहन का इंतजाम नहीं, छोटे वाहनों के भरोसे सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



गाड़ियों की गिनती का आंकड़ा जिले में 5 लाख को पार कर रहा है, जिस हिसाब से वाहनों की तादात बढ़ी है उनसे यातायात महकमे को परेशान कर दिया है। उसकी नजर में हालात यही रहे तो आने वाले दिनों में सड़कों पर चलने लायक जगह मिलना मुश्किल होगी। क्योंकि शहर के ज्यादातर रास्ते चौड़े हो चुके हैं अब इनमें ज्यादा तोड़फोड़ की गुजाइंश नहीं है। हालात काबू रखना है तो परिवहन के साधन को लेकर ठोस प्लानिंग जरूरी है।

जिले में फिलहाल सवारी और लोडिंग वाहन की गिनती एक लाख के करीब है। फिर भी मुसाफिर और रूट के हिसाब से गाड़ियों की गिनती कम है। ट्रैफिक एक्सपर्ट की नजर में करीब 10 रास्तों पर यातायात का दबाव ज्यादा है। इनमें ज्यादातर रास्तों पर निजी वाहनों के अलावा बड़ी तादात में सवारी वाहनों की भीड़ है। कुछ समय पहले सड़कों पर यातायात के प्रेशर को नापा गया था उसमें भी पाया गया कि सवारी वाहनों का लगातार बढ़ रहा दबाव यातायात का मिजाज बिगाड़ रहा है। रास्तों से जाम हटाना है तो सलीके का परिवहन जरूरी है। शहर की सड़कों को चौड़ा किया जा चुका है।

कुछ रास्तों की बात छोड़ें. ज्यादातर रास्तों पर बस और मिनी बस का परिवहन में इस्तेमाल किया जा सकता है। जिन रास्तों पर परिवहन के बड़े साधन संचालित किए गए उन पर आटो रिक्शा और दूसरे सवारी वाहनों को परमिट नहीं दिया जाए। इस प्रयोग से रास्तों पर परिवहन के साधन सीमित होंगे। क्योंकि आने वाले वक्त की जरूरत भी यही है। समय रहते योजनात्मक तरीके से इस बारे में नहीं सोचा गया तो आने वाले समय में रास्ते पर चलने के लिए संघर्ष की स्थिति होगी।

## शिक्षक फेडरेशन की मांग एक जुलाई से खुले स्कूल

**रायगढ़।** जिले में इन दिनों नवतपा के बाद भी भीषण गर्मी से हर वर्ग हाहाकार है। गर्मी से लोग बेहाल है। मौसम विज्ञानियों ने भी आगामी हफ्ते तक लू चलने की चेतावनी जारी किए है। इन सभी के बीच स्कूल भी 18 जून से खुलना शासन ने तय किया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े संघठन के छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संयुक्त सचिव विजेंद्र चौहान ने इस आदेश को निरस्त कर 1 जुलाई से खोले जाने का गुजारिश किया है।

दरअसल नवतपा के बाद भी प्रदेश मे पड़ रहे भीषण गर्मी, लू, गर्म हवाएं के चलते डीहाइड्रेशन की शिकायत बढ़ गई है। सुबह 9 बजे के बाद घरों से निकलना दुभर हो रहा है। बच्चे बड़े अधिकांश वर्ग इसकी चपेट में आकर बीमार हो रहे है निजी व सरकारी अस्पताल में ओपीडी संख्या भी बढ़ रही है। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश के समस्त शालाओं को 1 जुलाई से खुले इस पर अपना मांग शासन प्रशासन के सामने रखा है। इसके अलावा प्रदेश में चल रहे एफ एन एल ट्रेनिंग को भी जुलाई के पहले सप्ताह में करने को कहा है। सहायक शिक्षक फेडरेशन ने प्रदेश में शासन 18 जून से समस्त स्कूलो को खोलता है तो इस मौसम को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ने का संभावना जताए रहे है। ऐसे में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ने 1 जुलाई से स्कूल को खोले जाने का गुजारिश की है। और सरकार से उक्त मौसम के मद्देनजर संवेदनशीलता का परिचय देने की मांग किए है। वहीं एफ एल एन प्रशिक्षक संचालित है उसको जुलाई के प्रथम सप्ताह में कराए जाने की बात कही है। ताकि शिक्षकों के स्वास्थ्य पर भी किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े।

## खबर संक्षेप



### अग्रवाल सम्मेलन में बजरंग का सम्मान

**खरसिया।** नगर के प्रतिष्ठित उद्योगपति सफल राजनीतिज्ञ सर्वदा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने एवं अग्रसेन जल कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा 8 जून को कोलकाता में आयोजित अग्र विभूति अंलकरण समारोह सम्मानित किया गया। अग्रेशन जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा कोलकाता में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान अग्र विभूति अलकरण समारोह में अग्र बहूप्रतिभावन व्यक्तित्व का पुरस्कार बजरंग अग्रवाल को सम्मान स्वरूप दिया गया खरसिया नगर में बजरंग अग्रवाल द्वारा अपने काका भाजपा के प्रीत पुरुष स्व. लखीराम अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं उनके नक्शे कदम पर चलते हुए हमेशा नगर में अनेक सामाजिक एवं धार्मिक स्थलों पर अपनी विशेष पहचान बनाने में अग्रणी रहे हैं। बजरंग अग्रवाल नगर में कोई भी धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रम हो उनमें उनका विशेष सहयोग योगदान एवं मार्गदर्शन हमेशा रहा है।

### फूलमाली समाज ने किया नुपुर का सम्मान

**पुसौर।** पुसौर की एक छात्रा नुपुर पटेल को स्वामी आत्मानंद इंगलिश मिडियम स्कूल के 12वीं कक्षा में 84 प्रतिशत अंक लाने पर अठारहगढ़ फूल समाज के सभापति परसराम पटेल, सहायक सभापति लंबोदर पटेल, पूर्व सभापति डा.रामकुमार पटेल उप सभापति कमलेश पटेल, शशिधर पटेल चरण पटेल एवं केरियर गाईड्स के रूप में आये डिप्टी कमिश्नर जिला पंचायत रायगढ महेश पटेल की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। जानकारी के मुताबिक सरिया के मंगलभवन में मेधावी छात्र सम्मान समारोह व केरियर मार्गदर्शन के बेनर तले यह कार्यक्रम आयोजित हुई। ज्ञात हो कि नुपुर पटेल पुसौर क्षेत्र के क्ष्यातिलब्ध व्यवसायी स्व. कुंतभोज पटेल के पोती व वर्तमान व्यवसायी सुदामा पटेल के पुत्री तथा भाजपा के कद्दावर नेता घनश्याम पटेल के भतीजी है।

### एक ही दिन में तीन दुपहिया वाहन चोरी

**रायगढ़।** मंगलवार को अलग अलग क्षेत्र से तीन दुपहिया वाहन चोरी होने होने के मामले सामने आये हैंए जिसमें बेटी का ईलाज कराने आये ग्रामीण की मोटर सायकिल रायगढ़ के अपेक्स अस्पताल के परिसर से किसी ने पार कर दी है। तो वहीं खरसिया और धरमजयगढ़ थानांतर्गत भी दो बाईक चोरी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया क्षेत्र के आड़ाझर निवासी दिनेश साहू बेटी की तबियत खराब होने पर उसका ईलाजह कराने विगत 7 तारीख को रायगढ़ के अपेक्स अस्पताल आया था। वहीं रात्रि करीब 10 बजे अपनी होण्डा लिवो मोटरसायकिल क्रमांक सीजी 13 डब्ल्यू 7529 को ब्लड बैंक के सामने खड़े कर के अस्पताल गया था। सुबह जा कर देखा तो वहां उसकी बाईक नहीं थी। आस पास खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चलने पर उसने थाने की शरण ली। वहीं एक अन्य मामले में खरसिया थानांतर्गत ग्राम गुरदा निवासी अशिक राठिया जो कि रेल्वे कर्मचारी है। आशिक दोस्तों के साथ ग्राम बरभौना में रोड किनारे स्थित झरिया में अपनी बाईक एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 13 एके 9508 से घुमने गया था। वे बाईक को कुछ दूर में खड़े कर झरिया में नहाने गए थे। नहाने के दौरान उसने दूर से देखा कि एक व्यक्ति उसकी बाईक का ताला तोड़ रहा था इससे पहले कि वे वहां तक पंहुच पाते उक्त व्यक्ति उनकी आंखों के सामने से दुपहिया ले उड़ा। वहीं धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम किदा निवासी दिलकमल राठिया जो कि खेती किसानी का काम करता है। रविवार को दिलकमल अपने साढ़ू की एचई डीलक्स बाईक क्रमांक सीजी 13 एएफ 3617 से धरमजयगढ़ आया था और बाजार किनारे खड़े कर कपड़ा खरीदने गया था। वापस आया तो वहां बाईक नहीं थी, जिसकी थाने में शिकायत की गई।

## मेडिकल कालेज प्रबंधन को शोकाज भी जारी

# मेकाहारा की समीक्षा, एनएमसी ने ठोका दो लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अव्यवस्था और आधी अधूरी तैयारी के बीच एक दशक से संचालित रायगढ़ के लखीराम मेमोरियल मेडिकल कालेज पर नाराज नेशनल मेडिकल कमीशन ने दो लाख का जुर्माना लगाया है साथ ही शोकाज नोटिस भी दिया है। विडंबना है कि वर्ष 2008 से शुरू हुए मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। न तो जरूरी निर्माण पूरे हुए हैं और न ही हॉस्पिटल पूरी क्षमता से शुरू हुआ। इतने सालों बाद भी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कॉलेज में फैकल्टी की नियुक्ति नहीं की। सपोर्टिंग स्टाफ भी भर्ती नहीं किए। स्वास्थ्य विभाग छग शासन के पास सारे अधिकार होते हुए भी कॉलेज को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है।

स्थानीय स्तर पर जो वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है, उसके हिसाब से चल रहा है। देश के सभी मेडिकल कॉलेजों की मॉनिटरिंग के लिए तैनात नेशनल मेडिकल कमीशन समय समय पर समीक्षा करता है। जब कॉलेज को मंजूरी मिली थी तो सेवाओं के लिए न्यूनतम फैकल्टी और स्टाफ संख्या तय की गई थी जो एनएमसी के पास दर्ज है। इसके आधार पर समीक्षा हो रही है। कमी मिलने पर एनएमसी नोटिस और पेनाल्टी करता है। छग के मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की भारी कमी के कारण पेनाल्टी की गई है। रायगढ़ मेडिकल कॉलेज पर दो लाख की पेनाल्टी लगाने के साथ शोकाज नोटिस भी जारी किया है। प्रारंभ होने के दस साल बाद भी मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने कॉलेज और हॉस्पिटल के लिए कुल 616 पदों की स्वीकृति 2013 में दी थी। इसके आधे पद भी नहीं भरे जा सके हैं। कॉलेज में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, सीनियर रेसीडेंट और जूनियर रेसीडेंट के करीब 120 पद भरे हुए हैं। वहीं 84 पद रिक्त हैं। 23 विभागों में 12 प्रोफेसर, 26 एसो. व असि. प्रोफेसर और 21 सीनियर रेसीडेंट के पद खाली हैं। इनके बिना मेडिकल कॉलेज चल रहा है। रेडियोलॉजी विभाग तो पूरा खाली है। इमरजेंसी मेडिसिन में 11 पद खाली हैं। इस कॉलेज में व्यवस्था अधूरी होने के कारण सीटों की बढ़ोत्तरी का आवेदन हर बाद खारिज हो जाता है।



**अब तक चल रही है निर्माण**

मेडिकल कॉलेज के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने गलत लोकेशन का चयन किया। इसके बाद कंसल्टेंसी फर्म ने बिल्डिंग के डिजाइन में सेंट्रल एसी, ऑक्सीजन पाइप लाइनए ड्रेनेज सिस्टम, फायर फाइटिंग सिस्टम आदि को छोड़ दिया। पीडब्ल्यूडी ने भी उसी हिसाब से निर्माण करवाया। भवन बनकर तैयार हुआ तो इसकी याद आई। अब बिल्डिंग ऑडिट, फायर सेफ्टी ऑडिट नहीं हुआ है। अभी भी पाइप लाइन चोक और ड्रेनेज चोक होने के कारण लीकेज होता है। कई त्रुटियां निर्माण में रह गई जिसके कारण अब भी निर्माण पूरा नहीं हो सका है।

### रेडियोलॉजिस्ट ही नहीं

करीब 650 बिस्तर वाले मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में वर्तमान में तकरीबन 300 बेड ही संचालित हैं। इस लिहाज से 180 डॉक्टर व अन्य स्टाफ चाहिए। लेकिन वर्तमान में करीब डेढ़ सौ ही हैं। इसमें भी सबसे ज्यादा कमी डॉक्टरों की है। कैजुअल्टी में एक भी डॉक्टर नहीं हैं। मेडिकल कॉलेज में रेडियो डायग्नोसिस के पांचों पद रिक्त हैं। हॉस्पिटल में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं। एमआरआई मशीन भी नहीं है। सोनोग्राफी होती नहीं। कोई मरीज यहां इलाज कराने आता है तो उसको सोनोग्राफी कराने शहर के प्राइवेट सेंटरों में जाना पड़ता है। इससे हो रही तकलीफ का अंदाजा किसी को नहीं है।

### आकर्षक वेतन पैकेज नहीं

मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डॉक्टरों की कमी का एक कारण पे.स्केल भी है। हर मेडिकल कॉलेज में अलग.अलग पे.स्केल होने के कारण बहुत से डॉक्टर इस्तीफा दे देते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने पिछले दिनों कर्ई लोगों का ट्रांसफर कर दिया। रायपुर मेडिकल कॉलेज में सरप्लस स्टाफ होने के बावजूद उनको दूसरे कॉलेजों में नहीं भेजा जा रहा है। डॉक्टरों को इमरजेंसी वार्ड में महीने में एक दिन सेवा देने की शुरुआत की जाए तो काफी हद तक राहत मिलेगी।

### इसलिए लगा जुर्माना

एनएमसी अपने नियमों के तहत मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पतालों में सुविधाओं के लिए तैनात मैन पावर की समीक्षा करता है। रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी और अटेंडेंस कम होने की वजह से दो लाख की पेनाल्टी की गई है। बताया जा रहा है कि कॉलेज में रजिस्टर में साइन करके हाजिरी डाली जाती है। अब इसे बायोमीट्रिक पद्धति से किया जा रहा है। लेकिन इसमें भी कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। आधार बेस्ड बायोमीट्रिक अटेंडेंस को लागू किया जाना है जो नहीं हो सका है। छग के अन्य मेडिकल कॉलेजों को भी पेनाल्टी की गई है।

### नहीं ले रहे हस्तांतरण

पीडब्ल्यूडी ने मेडिकल कॉलेज का हैंडओवर देने का प्रयास किया किंतु मेकाहारा प्रबंधन लेने को तैयार नहीं। उनके कंसल्टेंट की वजह से कई जरूरी निर्माण डिजाइन से गायब थे। मरीज और परिजन कचरे को टॉयलेट या बाथरूम में डाल देते हैं। जिससे सीवरेज लाइन चोक होती है।

**अमित कश्यप,** ईई, पीडब्ल्यूडी।



# उमेश पटेल ने जाना आहत पत्रकार का हाल, निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर के पत्रकार सत्यजीत घोष पर हुए कातिलाना हमले के बाद अस्पताल में भर्ती आहत पत्रकार का हाल जानने मंगलवार शाम खरसिया विधायक उमेश पटेल जिला चिकित्सालय पहुंचे। उमेश ने सत्यजीत का कुशलक्षेम पूछते हुए घटना की तल्ख शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लॉ एन ऑर्डर की बखियां उधड़ना बेहद चिंताजनक विषय है।

पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने यह भी कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सजग प्रहरी ही जब सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता का तो भगवान ही मालिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब छत्तीसगढ़ की बागडोर सम्हाल रही थी तो कम से कम पब्लिक चैन की सांसें लेते हुए जानमाल की सुरक्षा के लिए फिक्रमंद और दहशतजदा नहीं थीए लेकिन भाजपा के सत्ता में आते ही बलौदाबाजार जैसे कांड ने असलियत जाहिर कर दी है कि हालात अब किस तरह के बन रहे हैं। विधायक उमेश पटेल ने सत्यजीत घोष पर हुए जानलेवा हमले की पूरी हकीकत को सामने लाने के लिए पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए पत्रकारों के हर सुख.दुख में साथ देने की बात भी कही।

### लैलूंगा विधायक ने भी की निंदा

अस्पताल में भर्ती मारपीट के शिकार पत्रकार घोष से लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार ने भी अस्पताल पंहुचकर उनकी तबीयत पूछी। श्रीमती सिदार ने इस हमले की कड़ी निंदा की और इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री के गृह जिले में एक पत्रकार पर हमला होना न केवल निंदनीय है बल्कि चिंताजनक भी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब तक मंत्रीजी की चुप्पी दुखद और सोचनीय है। जब यहां पत्रकार ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता की सुरक्षा की क्या स्थिति होगीइ उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठाए कहा कि पुलिस प्रशासन आहत की बातों को अनसुना कर रही है।

### मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतवाली को मोबाइल पर गुजराती पारा में लड़ाई झगड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी द्वारा पेट्रोलिंग को मौके पर रवाना कर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मारपीट से आहत हुए सत्यजीत घोष 45 साल निवासी गुजराती पारा रायगढ़ को उनके परिजनों द्वारा ईलाज हेतु अशर्फीदेवी महिला चिकित्सालय ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद आहत को जिला अस्पताल केजीएच में भर्ती कराया गया। अस्पताल तहरीर जांच पर आहत ने बताया कि 10 जून की रात्रि करीब 10.30 बजे मुख्य डाक घर के पीछे दो अज्ञात युवक गाली गलौच करते हुए लोहे की राडनुमा वस्तु से सिर के पीछे मारकर चोंट पहुंचाये हैं।



आहत के बयान, मुलाहिजा रिपोर्ट पर अज्ञात दो व्यक्तियों के विरूद्ध 11 जून को थाना कोतवाली में धारा 294, 307, 34 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक द्वारा आहत, गवाह द्वारा आरोपियों के बताए हुलिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर मुखबीरों से जानकारी ली गई और आरोपियों का धरपकड़ किया गया। शीघ्र ही दो संदेही विनायक सिंह निवासी बैकुंठपुर मिर्चागली कोतरारोड़ एवं योगेश चौहान उर्फ सानू निवासी बावलीकुंआ के पास कोतरारोड़ को हिरासत में लिया गया जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ करने पर मौक़े पर वाद विवाद होने से दोनों मिलकर मारपीट करना स्वीकार कर योगेश चौहान उर्फ सानू द्वारा लोहे के रॉड से आहत के सिर के पीछे मारकर चोट पहुंचाना बताए हैं। आरोपियों का आहत से पहचान कार्रवाई कराकर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# हिंडाल्को की पहल से हुनरमंद होंगी तमनार की महिलाएं

**रायगढ़।** देश की अग्रणी कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने जिले के तमनार प्रखंड के मिलूपारा गांव में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को ग्रामीण औद्योगिक पार्क रिपा परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना का उद्घाटन हिंडालको के बिजनेस हेड कैलाश नाथ पांडेय द्वारा किया गया।

इस परियोना के तहत हिंडालको के सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा यहाँ पर कोकून से कोसा धागा बनाने का प्रशिक्षण ग्राम की महिलाओं को दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं द्वारा बनाए गए कोसा धागा का मार्केट लिंकज भी हिंडाल्को द्वारा कराया जाएगाए जिससे इन्हें आजीविका का साधन मिल सके और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। इस परियोजना के तहत मिलूपारा और आसपास के विभिन्न गांवों की 20 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और अभी भी 15 महिलाओं के एक और बैच का प्रशिक्षण चल रहा है। तमनार विकासखंड के मिलुपारा गाँव में राज्य सरकार, हिंडालको के सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण औद्योगिक पार्क रिपा परियोजना का शुभारंभ महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से संपन्न होने का मार्ग खोलेगा। इस परियोजना में राज्य सरकार की ओर से इंफ्रास्ट्रक्चरए सड़क और लाइट की व्यवस्था की गई है। हिंडालको के सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा यहाँ पर कोकून से कोसा धागा बनाने का प्रशिक्षण ग्राम की महिलाओं को दिया जा रहा है। इन महिलाओं को प्रशिक्षित करने के पश्चात इनके द्वारा बनाए गए कोसा धागे का उपयोग कोसाला में कोसा के विभिन्न प्रकार के आइटम्स जैसे साड़ी, दुपट्टा, कुर्ता, मोबाइल कवर, लैपटॉप बैग्स आदि बनाने में किया जाएगा। इस अवसर पर हिंडाल्को जीपी माइंस के युनिट हेड राजीव कुमार, एचआर हेड, प्रेम कुमार सिंह, रंजना नाग, जिप्सी सिद्धांता दिलबंधु चौहान, राजेश प्रधान, राम कुमार, आलोक बेहरा आदि उपस्थित थे।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की होगी भर्ती

**रायगढ।** जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना पुसौर के आगनबाडी तिलगी, डिपापारा, पुसल्दा, मुख्यबस्ती, टिनमिनी, माझापारा में कार्यकर्ता तथा गढउमरिया मौहारीडिपा, पुटकापुरी 2, झलमला, छोटेहरदी, सिहा1, औरदा 3, लिटाईपाली 1 में सहायिका का पद रिक्त है। इस हेतु 11 जून से 2 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित है। इसकी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सुचना पटल से लिया जा सकता है। उक्ताशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिए प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री पी चैहान ने दी।

## संकुल केन्द्र औराईमुड़ा अंतर्गत शालाओं में शाला प्रवेशोत्सव मनाने तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

शासन के निर्देशानुसार एवं विकास शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ताए सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तर कुमार सिदार, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक जयप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में संकुल समन्वयक श्रवण कुमार शर्मा द्वारा सत्र 2024-25 में शाला संचालन सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण हो इस उद्देश्य से संकुल के सभी शालाओं को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। इसके आधार पर प्राथमिक शाला बनाई और प्राथमिक शाला केराखोल के संस्था प्रमुख एवं सहयोगी शिक्षकों के द्वारा शाला की साफ-सफाई, रंग रोगन करते हुए कक्षा कक्ष को व्यवस्थित कर लिया गया है। शाला प्रवेशोत्सव को धुमधाम से मनाने पालकों से संपर्क किया जा रहा है तथा आने वाले 1-2 दिन में शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

शाला प्रवेशोत्सव के दौरान पालकों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने आग्रह किया गया है। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान नव प्रवेशी बच्चों को तिलक, पुष्प एवं आरती के साथ स्वागत करते हुए सभी बच्चों को शासन द्वारा दिए जाने वाले निः शुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश एवं आवश्यकतानुसार अन्य सामग्री वितरित की जाएगी।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से गिरकर तीन की मौत

**रायगढ़।** जिले में बीती रात दर्द सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महापल्ली गांव बीती रात तेज रफ्तार मोटर सायकल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर जाने की घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार तीनों युवक इंड सिनर्जी प्लांट में काम करते थे और बीती रात शराब पीने कनकतुरा गए हुए थे, जहां से घर वापसी के दौरान देर रात यह घटना घटित हो गई। मंगलवार की सुबह गांव के ग्रामीणों ने सड़क किनारे तीनो का शव को देखते हुए पुलिस को घटना से अवगत कराया। घटना की जानकारी मिलते ही चक्रधर नगर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम शकरबोगा गांव के पास घटना हुई। मृतकों की उम्र 20 से 25 साल के आसपास है। मृतक तीनो युवक इंड सिनर्जी लिमिटेड के केंटीन के कर्मचारी है जो ठेकेदार रजत के अंडर में काम करते थे।

# दोबारा बीमा कराकर वाहन को जारी किया फिटनेस प्रमाण पत्र

**रायगढ़।** फर्जी बीमा पॉलिसी के आधार पर फिटनेस देने वाले आरटीओ अधिकारी अब इससे भी बड़ा कारनामा कर रहे हैं। जिस वाहन के लिए बोगस डॉक्यूमेंट जमा किए गए उसके मालिक से दोबारा बीमा करवाकर गाड़ी को फिटनेस जारी कर दिया। इस मामले में एफआईआर होनी थी। गाड़ी की जांच होनी थी लेकिन इंस्पेक्टर ने नया मोड़ दे दिया है। भारतीय खाद्य निगम में ऐसे ट्रकों से चावल ढोया जा रहा है जिनका बीमा ही बोगस हुआ है। पुरानी गाडिय़ों के बीमा प्रीमियम राशि बचाने के लिए ट्रक का नंबर तो डाला लेकिन इसे स्कूटी दिखाया गया। गाड़ी क्रमांक सीजी 04 जेबी 0537 आरटीओ के डाटा बेस में अदर स्टेट व्हीकल के नाम पर रजिस्टर्ड है। इसके मालिक ओमप्रकाश शर्मा पिता जगदीश प्रसाद शर्मा निवासी खरसिया हैं। यह





टाटा मोटर्स का एक हैवी व्हीकल है जिसका निर्माण वर्ष 2008 में हुआ है। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड से एक साल का इंश्योरेंस किया गया था जिसकी वैधता 19 दिसंबर 2024 तक है। आरटीओ ने भी इस ट्रक को 20 दिसंबर 2024 तक फिटनेस दे दिया। बीमा में सीजी 04 जेबी 0537 को हीरो इलेक्ट्रिक कंपनी की मोटराईज्ड टू व्हीलर्स यूज्ड फॉर कैरिंग पैसेंजर्स लिखा हुआ है। इसकी प्रीमियम राशि मात्र 1446 रुपए की है। इस गाड़ी का मैन्युफैक्चरिंग ईयर 2023 है। वहीं गाड़ी क्रमांक सीजी 04 जेबी 3055 में भी कुछ ऐसा ही किया गया। आरटीओ इंस्पेक्टर कौशल्या रात्रे ने दोनों गाडिय़ों के मालिक को नोटिस दिया था। अब उन्होंने एक कदम आगे बढ़कर सीजी 04 जेबी 0537 का नया बीमा करवा दिया। इसके आधार पर फिटनेस भी दे दिया। वाहन मालिक को बचाने के लिए ऐसा किया गया। जबकि सीजी 04 जेबी 3055 को ब्लैक लिस्ट किया गया।

## सहेजना होगा अपने धर्म व संस्कृति की विरासत को

# विश्वास रखना होगा सनातन की संस्कृति व आस्था पर: गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- मुड़ कट्टी सरना धाम की पुर्नस्थापना व कलश यात्रा

सनातन धर्म के मामने वालों को अपने धर्म व संस्कृति पर विश्वास रखना होगा। हमें हमारी संस्कृति व धर्म से कोई नहीं भटका सकता।

यह बातें पत्थलगांव की विधायक श्रीमती गोमती साय ने बागबहार भाजपा मंडल के ग्राम पंचायत रेडे आयोजित मुड़ कट्टी सरना धाम की पुर्नस्थापना व कलश यात्रा के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करती हुई कहीं। मुख्य अतिथि श्रीमती गोमती साय ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म के मानने वालों को सनातन धर्म के विरोधी कई प्रकार से प्रताड़ित करने एवं रास्ता भटकाने की कोशिश करेंगे। हमे रास्ता नहीं भटकना है। सनातन धर्म की आस्था, संस्कृति, परंपरा एवं मान्यताओं पर हमें विश्वास रखना है। कोई ऐसा माई का लाल नही है जो हमारे सनातन धर्म के 33 कोटि देवी देवताओं को गायब कर सके या नुकसान पहुंचा सके। सनातनी अपने देवी देवताओं को ढूंढ़ लेंगे और हमारे देवी देवता वापस आ जाएंगे। श्रीमती साय ने कहा कि पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए मेरी पहली प्राथमिकता है कि सभी सड़को का निर्माण हो। विधानसभा क्षेत्र की 93 सड़कों का अभी प्रस्ताव शासन के पास गया है। 65 सड़को की स्वीकृति मिल गई है। सड़कों का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। मुझे पूरे पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में जहां भी बुलाया जाएगा जाऊंगी। मेरे संज्ञान में जो विकास के कार्य लाये जाएंगे उन्हें प्राथमिकता के साथ करने का प्रयास करूंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत उपस्थित थीं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अखिल भारतीय कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय महामंत्री योगेश बापट, बलभद्र राम, कृपाशंकर सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





सभा को संबोधित करतीं विधायक गोमती साय।

### बाऊंड्रीवाल निर्माण की घोषणा

गोमती साय ने सरना स्थल के बाऊंड्रीवाल निर्माण की घोषणा की विधायक गोमती साय ने कहा कि सरना धाम के बाउंड्रीवाल की मांग मेरे समक्ष आया है जिसे कराने की मैं घोषणा करती हूं।

### सत्र न्यायालय में भर्ती हेतु साक्षत्कार 15, 16 व 17 को

**जशपुरनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय में आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले स्वीपर, चौकीदार और वॉटरमेन के पदों पर भर्ती के संबंध में आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाना निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार स्वीपर पद हेतु आवेदित पद के लिए 15 जून 2024 को प्रातः 10.00 बजे से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में साक्षात्कार लिया जाएगा। इसी प्रकार चौकीदार पद के लिए 16 जून एवं वॉटरमेन के लिए 17 जून 2024 को प्रातः 10.00 बजे से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में साक्षात्कार लिया जाएगा।

न्यायालय श्रीमान अष्ठम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)

(ज्ञापन)

चमेली शर्मा वगैरह ................आवेदकगण

विरुद्ध

अमित कुमार वगैरह.............अनावेदकगण

प्रकरण सी टी क्रं. 387/2023

पेशी तारीख 28/06/2024

प्रो नं. 789/11.06.24

1. अमित कुमार, उम्र लगभग 23 वर्ष, पिता श्री राम स्वर, निवासी हण्डी चौक थाना रोड रायगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.)

आपके विरुद्ध इस न्यायालय मे आवेदकगण चमेली शर्मा के द्वारा रुपये 38,00,000/- (अड़तीस लाख रुपये) क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु आवेदकगण के द्वारा अनावेदकगण के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत दावा प्रकरण संस्थित किया गया है। आपको इस न्यायालय मे दिनांक 28/06/2024 को दिन के 11:00 बजे दावा प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी ) होने के लिए नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जाता है। में स्वयं या किसी प्लीडर / अधिवक्ता के द्वारा आप इस न्यायालय उपसंजात (हाजिरी) हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और इस दावा से संबंधित सभी सरवान प्रश्नो का उत्तर दे सके, तथा उन सभी दस्तावेजो को पेश करने के लिए तैयार रहे, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिरी नही होगे तो आपके विरुद्ध दावा की एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा। यदि किसी कारण वश पेशी तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 11/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

स्थान :- बिलासपुर (छ.ग.)

दिनांक 11/06/2024

(अनिल प्रभात मिंज)

अष्ठम अपर मो.दु.दा. अधिकरण

बिलासपुर (छ.ग.)